**2021**

( Held in 2022 )

HINDI

Paper : HIN–HC–3036

**( पाश्चात्य काव्यशास्त्र )**

( Honours Course )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) प्लेटो के अनुसार काव्य किसकी मिथ्या अनुकृति है?

(ख) अरस्तू के किसी एक ग्रंथ का नाम लिखिए जो उनके साहित्य संबंधी विचारों का आधार है।

(ग) 'अनुकरण' का अंग्रेजी पर्याय क्या है?

(घ) लोंजाइनस की रचना 'पेरिइप्सुस' का अंग्रेजी अनुवाद किस नाम से जाना जाता है?

(ङ) क्रोचे का पूरा नाम क्या है?

(च) क्रोचे के कला संबंधी ग्रंथ का नाम क्या है?

(छ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने अभिव्यंजनावाद की तुलना किस भारतीय सिद्धांत से की है?

(ज) आइ० ए० रिचर्ड्स के समीक्षा संबंधी ग्रंथ का क्या नाम है?

(झ) रिचर्ड्स के सम्प्रेषण सिद्धांत की तुलना किस भारतीय सिद्धांत से की जा सकती है?

(ञ) इलियट की सर्वाधिक प्रसिद्ध रचना का नाम क्या है, जिसमें साहित्य की आधारभूत एवं मौलिक समस्याओं पर प्रभावी ढंग से विचार किया गया है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) अभिव्यंजनावाद से क्या अभिप्राय है?

(ख) औदात्य क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) प्लेटो का जीवनकाल बताते हुए उनकी रचनाओं का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) शैली के चारों घटकों/तत्त्वों के नाम लिखिए।

(ङ) अरस्तू के विरेचन सिद्धांत में 'विरेचन' से क्या अभिप्राय है?

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) प्लेटो के अनुकरण सिद्धांत पर प्रकाश डालिए।

(खं) अरस्तू के अनुकरण सिद्धांत को स्पष्ट कीजिए।

(ग) प्लेटो के दैवी-प्रेरणा सिद्धांत का परिचय दीजिए।





(घ) वर्ड्सवर्थ के काव्य-भाषा सिद्धांत की मुख्य बातें क्या हैं?

(ङ) मुख्य कल्पना और गौण कल्पना में क्या-क्या अंतर हैं?

(च) शैली का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) स्वच्छंदतावाद के स्वरूप और महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

कॉलरिज द्वारा प्रस्तुत फैंसी संबंधी विचारों पर प्रकाश डालिए।

(ख) शैलीविज्ञान की परिभाषा देते हुए इसकी उपयोगिता पर विचार कीजिए।

**अथवा**

रिचर्ड्स के सम्प्रेषण सिद्धांत पर प्रकाश डालिए।

(ग) इलियट के निर्वैयक्तिकता के सिद्धांत की अवधारणा को विस्तारपूर्वक समझाइए।

**अथवा**

आइ० ए० रिचर्ड्स के मूल्य सिद्धांत की विस्तृत चर्चा कीजिए।

(घ) यथार्थवाद के स्वरूप एवं महत्त्व पर विचार कीजिए।

**अथवा**

औदात्य के स्रोत के बारे में बताते हुए औदात्य सिद्धांत को स्पष्ट कीजिए।

★★★